पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-16 बुधवार, दिनांक-16 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक घ 540 एवं 1111 क्रमशः ग्रामीण कार्य विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक ''अ'' 434 अगली तिथि के लिए स्थगित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 188 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती देवंती यादव

(ii) श्री विजय कुमार सिन्हा

(iii) श्री नीरज कुमार सिन्हा 'बबलू'

(iv) श्री कृष्णनन्दन पासवान

(v) श्री राजकुमार राय

(vi) श्री जनक सिंह

(vii) श्री प्रदीप कुमार

(viii) श्रीमती लेशी सिंह

(ix) श्री संजय सिंह टाइगर

(x) श्री दिनेश कुमार सिंह

(xi) डॉ० फैयाज अहमद

(xii) श्री कुमार शैलेन्द्र

(xiii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(xiv) श्रीमती वीणा देवी

(xv) श्रीमती कुमारी मंजू वर्मा

(3) **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री प्रदीप कुमार का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्या श्रीमती रंजु गीता का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्या द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर 17.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(4) **याचिकाओं का उपस्थापन**

प्रभारी सचिव द्वारा कुल 71 याचिकाओं का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

(5) **वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री रमई राम द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इमान द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की मांग पर राज्य सरकार की राजस्व एवं भूमि सुधार नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती अनु शुक्ला
(ii) श्रीमती मंजु हजारी
(iii) डा० मु० जावेद

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(iv) श्रीमती कुमारी मन्जु वर्मा
(v) श्री कन्हैया कुमार
(vi) श्रीमती नीता चौधरी
(vii) श्री नौशाद आलम
(viii) श्री विजय कुमार सिंह
(ix) श्री राज कुमार राय
(x) श्री अवधेश कुमार राय
(xi) श्री राजेश्वर राज
(xii) श्री विनय बिहारी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(xiv) श्री दामोदर सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, श्री शाहिद अली खान द्वारा विभाग के भावी योजनाओं से सदन को अवगत कराया गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इमान का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(6) **निवेदन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 17 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-16.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।